राष्ट्रीय सेवा योजना
बौद्धिक परिचर्चा

बौद्धिक परिचर्चा के पश्चात खेलकूद एवं खेलकूद के पश्चात समीक्षा बैंठक आयोजित की गई। समीक्षा बैंठक में दिनचर्या की प्रत्येक गतिविधि की जानकारी ली एवं दी गई । रात्रिकालीन भोजन के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक की तैयारी की गई।

सात दिवसीय विशेष शिविर का षष्टम दिवस (दिनांक-01.01.2023)

प्रत्येक दिवस की भांति षष्ठम दिवस को भी एनएसएस शिविरार्थियों द्वारा सुबह 5.30 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई। जनजागरण एवं जनप्रेरण के उद्देश्य से प्रेरक नारों, लक्ष्य गीत, हम होंगे कामयाब इत्यादि गीत का गायन ग्राम के मुख्य चौक पर किया गया।

प्रभात फेरी से आने के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु मंच निर्माण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की गई। शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमति अनुसुइया रात्रे (ग्राम पंचायत थूहा) , विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री हनुमंत श्याम (तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, तहसील मखारा), श्री जितेन्द्र रात्रे (पंचायत प्रतिनिधि),श्री तेजेश्वर कुर्रे (अध्यक्ष, रा.यु.मितान क्लब) सहित समस्त पंच उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व श्री जानेन्द्र बंजारे (कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा ग्रामीणजन के समक्ष एनएसएस की स्थापना, एनएसएस का समग्र उद्देश्य, सात दिवसीय विशष शिविर का उद्देश्य को लेकर रिपोर्ट रखी गई। इस रिपोर्ट के माध्यम से एनएसएस शिविर की गतिविधियों से ग्रामीणजन को अवगत कराया गया।

क्रार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री हनुमंत श्याम जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमारो लोक संस्कृति से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने रा.से.यो. पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रा.से.यो. व्यक्तित्व विकास के लिए श्रेष्ठ मंच है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनुसुइया रात्रे ने एनएसएस इकाई को धन्यवाद ज्ञापित किए एवं एनएसएस शिविर ग्राम पंचायत थूहा में लगना अपना सौभाग्य बतलाते हुए अपनी विचार ग्रामीणजन के समक्ष रखीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्तर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पंथी, राउत नाचा, बारामासी, छत्तीसगढ़ी गीतों पर लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। अंत में श्री जानेन्द्र बंजारे (कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरी तरह सहयोग प्रदान करने के लिए समस्त ग्रामवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

GPS Map Camera
Bangoli, Chhattisgarh, India
VMX6+383, Bangoli, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.898621°
Long 81.66052°
01/01/23 06:10 PM GMT +05:30

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
आपका हार्दिक अभिनंदन

सात दिवसीय विशेष शिविर का सप्तम दिवस (दिनांक-02.01.2023)

शिविर के सप्तम दिवस को स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरण हेतु हेतु बैंड बाजा के साथ स्लोगन एवं लक्ष्य गीत के माध्यम से सुबह 5.30 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान शिविरार्थी ग्रामीणजन से मिले एवं उन्हें एनएसएस के प्रति जागरूक किए।

प्रभात फेरी के पश्चात् स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य हेतु शारिरीक व्यायाम किए। नवाचार की दृष्टि से जुम्बा नृत्य एवं सांस्कृतिक गानों में व्यायाम किए।

व्यायाम के पश्चात् पुनः शिविर स्थल की साफ सफाई की गई। शिविर का समापन हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमति अनुसुइया रात्रे (सरपंच ग्राम पंचायत थूहा), श्री जितेन्द्र कुमार रात्रे (पचायत प्रतिनिधि), श्री चन्द्र कुमार बंजारे (पंचायत सचिव), श्रीमती अंजनी पटेल, श्रीमति दयावती जोशी , श्रीमति बबिता, सुश्री वीणा सिन्हा, सुश्री पेमीन, सुश्री राजेश्वरी वर्मा इत्यादि उपस्थित थे। इस समापन कार्यक्रम में श्री ज्ञानेन्द्र बंजारे (कार्यक्रम अधिकारी) द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर अन्तर्गत ग्रामीण विकास के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। पंचायत सचिव सहित समस्त अतिथियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं सप्रेम भेंट स्वरूप प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किए। इस समापन कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक चेतनानंद द्वारा किया गया। अंत में सभी अतिथियों एवं शिविरार्थियों का समूह फोटो लिया गया।